NEWS18 हिंदी

रक्सौल में चल रहा था नकली पान मसाला का धंधा, पुलिस के हाथ लगा थोक कारोबारी

मोतिहारी: रक्सौल शहर के बैंक रोड स्थित पान मंडी में नकली तंबाकू उत्पादों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कथित रूप से नकली 'तुलसी 00' समेत अन्य उत्पाद बरामद किए गए हैं. इस कार्रवाई के बाद इलाके के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है.

रक्सौल में नकली उत्पादों की बिक्री

बताया जा रहा है कि रजनीगंधा और तुलसी ब्रांड का निर्माण करने वाली कंपनी धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड (डीएस ग्रुप) को काफी दिनों से रक्सौल में नकली उत्पादों की बिक्री की गुप्त सूचना मिल रही थी. इसी सूचना के आधार पर कंपनी के नोएडा कार्यालय से ब्रांड प्रोटेक्शन एवं विजिलेंस मैनेजर रामवतार सिंह रक्सौल पहुंचे. उन्होंने पान मंडी की कई दुकानों से तुलसी ब्रांड के उत्पाद खरीदकर उसकी जांच कराई. जांच में उत्पाद नकली पाए जाने के बाद इसकी जानकारी रक्सौल थाना पुलिस को दी गई.

Source: https://hindi.news18.com/news/bihar/motihari-counterfeit-pan-masala-racket-operating-in-raxaul-police-arrested-wholesaler-ws-e-10462451.html